सूर्योदय 6:06 सूर्यास्त 6:18
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 33.8
न्यूनतम 22.0

जिस तरह पतझड़ के बिना पेड़ पर नए पत्ते नहीं आते, ठीक उसी तरह कठिनाई और संघर्ष के बिना अच्छे दिन भी नहीं आते।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 | मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840) | सम्पर्क सूत्र : (कार्यालय) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-260 | सोमवार 20 सितम्बर, 2021 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4


**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

हमारे लिए व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश : योगी



अपनी-अपनी सोच है... कुनबा भी कोई चीज़ है....

# ब्राह्मण सम्मेलन के जरिए सपा ने कराया ताकत का अहसास

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बु.)। ब्राह्मण सम्मेलन के जरिए सपा प्रत्याशी के दावेदार राकेश शर्मा ने आज अपनी ताकत का अहसास कराने का पुरजोर प्रयास किया और शायद ताकत दिखाने में वह सफल भी साबित हुए। जनपद के विभिन्न कस्बो व ग्रामीण क्षेत्रों तक से ट्रॉलियों में भरकर ब्राह्मण समाज के लोग जीआईसी मैदान में पहुंचे। स्वयं राकेश शर्मा व बड़े ब्राह्मण नेता जीआईसी मैदान की भारी भीड़ देखकर गदगद दिखे और अब शायद ब्राह्मण समाज सपा से अपनी टिकट की दावेदारी करता दिखाई देगा। ब्राह्मण समाज की इस रैली ने जनपद मुजफ्फरनगर की सदर विधानसभा सीट के आंकड़ों को बदलने पर मजबूर कर दिया। अब तक के इतिहास में मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट पर वैश्य समाज का ही कब्जा माना जाता था, लेकिन राकेश शर्मा ने अपना कद ऊँचा कर रैली के माध्यम से समस्त राजनैतिक पार्टियों को अहसास करा दिया कि मुजफ्फरनगर सदर विधानसभा सीट पर अब ब्राह्मण समाज भी प्रतिनिधित्व कर सकता है। रैली के बाद अब समाजवादी पार्टी अपने प्रतिनिधि को कौन से समाज से उतारेगी, यह कह पाना तो अभी सम्भव नहीं है, लेकिन जिस तरह से ब्राह्मण सम्मेलन के जरिए सपा ने राकेश शर्मा की ताकत का आंकलन कराने का प्रयास किया है, उस आंकलन में राकेश शर्मा खरे उतरते दिखाई दिये हैं। रविवार को हुई रैली की गूंज लखनऊ के सत्ता व विपक्ष दोनों के गलियारों तक अवश्य पहुँचेगी और कोई न कोई अहम बदलाव सदर विधानसभा सीट पर विधानसभा चुनाव में जरूर होता दिखाई देगा, मगर फिलहाल राकेश शर्मा के जरिए ब्राह्मण समाज ने जिले की हरेक पार्टी को अपनी ताकत का अहसास कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## यदि सपा ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारा तो भाजपा कौन सा कार्ड खेलेगी ?

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बु.)। ब्राह्मण सम्मेलन के जरिए ब्राह्मणों द्वारा अपनी ताकत का अहसास कराने के बाद यदि इत्तेफाकन सपा मुखिया अखिलेश यादव ने राकेश शर्मा को सदर विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया तो ऐसे में भाजपा कौन सा कार्ड खेलेगी, यह कह पाना अभी मुश्किल है। जातिगत आंकड़ों के आधार पर मानें तो अभी तक मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट पर वैश्य समाज का कब्जा रहा है, मगर अब ब्राह्मण समाज अपनी संख्या वैश्य समाज से अधिक होने की दावेदारी कर रहा है। यदि वास्तव में यह संख्या वैश्य समाज से अधिक रही तो क्या भाजपा अपना नया चेहरा सामने लाने को तैयार हो पाएगी ? ब्राह्मण सम्मेलन के बाद राजनैतिक गलियारों में तरह तरह के कयास लगने शुरू हो गए हैं, मगर देखना यह होगा कि उक्त कयास चुनाव आने तक क्या रंग ला पाते हैं?



राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में मंचासीन राकेश शर्मा, माता प्रसाद पाण्डेय व अभिषेक मिश्रा व समाज के अन्य वरिष्ठ नागरिक।

# वोट की शक्ति से हासिल होगी राजनैतिक हिस्सेदारी : पाण्डेय

- शंख ध्वनि व मंत्रोच्चार के बीच हुआ अतिथियों का स्वागत
- जीआईसी मैदान में हुए शक्ति प्रदर्शन में सफल रहे राकेश शर्मा

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर जीआईसी मैदान में रविवार को आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में ब्रह्म समाज के लोगों और सपा नेता राकेश शर्मा के व्यक्तिगत आह्वान पर एकत्र भीड़ बड़े लंबे समय के बाद एक मंच पर एकत्र हुई। इस बीच सहारनपुर मंडल के तीनों जिलों से हजारों की संख्या में अपनी बसों, ट्रैक्टर व निजी वाहनों के माध्यम से आने वाले लोगों की लम्बी कतारों ने नगर क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। सम्मेलन में राजनीतिक स्तर पर ब्राह्मण समाज की उपेक्षा से आहत लोगों से एकजुटता के साथ ही संघर्ष करने का आह्वान किया गया। वहीं मंच के माध्यम से ब्राह्मण समाज ने विधानसभा चुनाव में राजनीतिक हिस्सेदारी भी मांगी।

रविवार को सपा नेता राकेश शर्मा के आह्वान पर जीआईसी मैदान पर ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें उमड़ी भीड़ के बीच शहर में ब्रह्म कुम्भ जैसा नजारा दिखा। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व मंत्री, राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता अभिषेक मिश्रा उपस्थित रहे। दोपहर करीब 1.15 बजे अतिथियों के स्वागत की परम्पराओं के बीच शुरू ब्राह्मण सम्मेलन में राकेश शर्मा व समाज के अन्य लोगों ने अतिथियों को पगड़ी व अंग वस्त्र एवं भगवान श्री परशुराम जी का चित्र भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। ब्राह्मण सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि देश में पूर्व में राजवंशीय व्यवस्था की राजनीति के बीच परंपराओं को आगे बढ़ाया। ऐसे में प्रधानमंत्री का बेटा प्रधानमंत्री और मंत्री का बेटा मंत्री ही बनता रहा, लेकिन अब राजनीति में वोट की ताकत ने इस व्यवस्था को बदला है। आज इसी ताकत को ब्राह्मण समाज को समझना होगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम के एक बटन के सहारे मिली वोट की ताकत का प्रयोग करने के लिए हमें एकजुट होना होगा। ईवीएम की शक्ति के बूते समाज अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी को हासिल कर पायेगा। उन्होंने कहा कि हमें इस उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ना होगा। वहीं समाज को समझना होगा कि हम बिना राजनीतिक

शेष : पृष्ठ ४ पर

## ब्राह्मण समाज ने किया खाप चौधरियों का सम्मान

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर (बु.)। जीआईसी मैदान में संपन्न कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के खाप चौधरी और थाम्बेदार का आयोजकों द्वारा सम्मान किया। इस दौरान सम्मेलन में अलग से बनाए मंच पर खाप चौधरियों को पटका, प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। जीआईसी मैदान में संपन्न हुए खाप चौधरी सम्मान समारोह में इस दौरान चौरासी खाप चौधरी इंद्रपाल शर्मा, चौ. कुलदीप शर्मा, चौ. रामपाल शर्मा, चौ. रामकुमार शर्मा, चौ. रामेश्वर शर्मा, चौ. सोम दत्त शर्मा, चौ. सन्नी शर्मा, चौ. कालूराम शर्मा, चौ. अशोक शर्मा, चौ. रामनाथ शर्मा, चौ. ब्रिजेश शर्मा, चौ. महेन्द्र गौड, चौ. लीलू शर्मा, चौ. ओमपाल शर्मा, चौ. रामनेश शर्मा, चौ. बारू शर्मा, चौ. स्वराज शर्मा एवं चौ. अंकित शर्मा आदि थाम्बेदार मौजूद रहे।

# योगी सरकार ने प्रदेश में गुण्डाराज खत्म कर, बनाया जीने लायक माहौल

- केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान ने प्रदेश सरकार की साढ़े चार साल की उपलब्धि गिनवाई
- शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य विभाग और गन्ना किसानों के हित में लिए गए ढेर सारे फैसले
- चुनाव में जनता पुरानी सरकारों से तुलना कर भारतीय जनता पार्टी को फिर से देगी आशीर्वाद

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर(बु.) केन्द्रीय राज्यमंत्री डा. संजीव बालियान ने कहा कि योगी सरकार ने माफिया और गुंडाराज को खत्म कर राज्य की जनता को जीने लायक माहौल दिया है। भाजपा ने चुनाव से पहले जो भी वायदे किए थे, उन सब को पूरा करके दिखाया है, जबकि पूर्व की सरकारों ने विकास के नाम पर जनता से धोखा किया। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और किसानों के हित में ढेर सारे फैसले किए है।



जिला पंचायत सभागार में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान ने रविवार को बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक, पुरकाजी विधायक प्रमोद ऊंटवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला के अलावा जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार की मौजूदगी में योगी सरकार के साढ़े चार साल की उपलब्धियों को एक-एक कर गिनवाया। सांसद डॉक्टर बालियान ने कहा कि 2017 में जब भाजपा को सत्ता मिली थी, तब हर तरफ गुंडाराज के अलावा हताशा का माहौल था। योगी सरकार ने बनते ही प्रदेश में माफियाओं और अपराधियों की नाक में नकेल डालने का काम किया। प्रदेश के अलावा मुजफ्फरनगर मजिले में भी शाम के बाद घर से निकलना मुश्किल हो गया था। जिले की सीमा से निकलने वाले पर्यटक ब्रेक लगाने से भी घबराते थे। योगीराज में अपराधियों के खिलाफ हुई व्यापक कारवाही के सुखद परिणाम सामने आए हैं। अब संगठित अपराध खत्म हुए हैं और लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। जिले में रात में लोगों का आवागमन तेजी से बढ़ा है। स्वास्थ्य सेवाओं की चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि योगी सरकार ने हर जिले में मेडिकल कालेज देने का काम किया है। 51 जिलों में मेडिकल कालेज बन गए है, जबकि 17 जिलों में मेडिकल कॉलेजों पर काम चल रहा है। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने कहा कि सरकार बनने के बाद अकेले मुजफ्फरनगर में 55 हजार किसानों का 355 करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया गया। गन्ने का उत्पादन बढ़ने पर चीनी मिलों की समयावधि बढ़ाकर किसानों को गन्ने की पेराई कराई गई। चार सालों में पहले के मुकाबले गन्ना किसानों को ज्यादा भुगतान दिलाया गया। किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने का काम किया गया।

## सिसौली की समझ में जल्द आ जायेंगे कृषि कानून

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर(बु.) केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर बालियान ने कहा कि सरकार किसानों से बात कर इस मसले का हल जल्द से जल्द सुलझाना चाहती है। किसानों और सिसौली को भी जल्द यह समझ में आ जाएगा कि कृषि कानूनों में किसानों के खिलाफ कुछ भी नहीं है। एमएसपी आदि मुद्दों पर सरकार विवाद है, सरकार उसे सुलझाने को तैयार है।

## उमेश मलिक पर हमले में दिया गोलमाल जवाब

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर(बु.) केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने सिसौली में बुढ़ाना उमेश मलिक पर हुए हमले में कार्यवाही ना होने पर गोलमाल जवाब दिया।। मंत्री बालियान ने कहा कि जो लोग उस हमले में घायल हुए थे उनकी तरफ से एफआईआर कराई गई है, इस मामले में एसएसपी बेहतर बता सकते हैं। विधायक उमेश मलिक ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई है। अब जो भी करना है पुलिस को करना है।

## भ्रष्टाचार के सबूत दो, होगी कार्रवाई

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर(बु.) खाद्य पूर्ति विभाग के घोटालों के सवाल के सामने आते ही केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने सख़्त कार्रवाई करने व विभाग से सम्बंधित भृष्टाचार पर जिलाधिकारी को उसकी जाँच कर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। मंत्री बालियान ने यह भी कहा कि अगर किसी के पास किसी अधिकारी के भ्रष्टाचार की कोई वीडियो या फोटो है, तो वो उन्हें तुरंत भेजे, उसकी जांच कराकर उस सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ़ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**गायब है विपक्ष :** मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर(बु.) विपक्ष पर तंज कसते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि, विपक्ष इस समय ग़ायब है, वह किसी और कामों में लगा है, इसीलिए इस समय पक्ष भी हम है और विपक्ष भी हम ही है। अब हमें ही तय करना होगा कि जनता को किस प्रकार लाभ मिले।

## मैदान को कब्जा मुक्त कराएंगे जिलाधिकारी

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर(बु.) इस्लामिया इंटर कालेज की भूमि कब्ज़े के सवाल पर डॉक्टर संजीव बालियान ने कहा कि अगर किसी भी शैक्षिक संस्थान की भूमि और मैदान पर किसी भी व्यक्ति विशेष द्वारा कब्ज़ा किया गया है, तो जिलाधिकारी हमारे साथ में मौजूद है। डीएम इसकी जाँच करा कर आरोपी अवैध कब्जे धारक के खिलाफ़ कार्रवाई कराएंगे।

## जानसठ रोड पर एक माह में शुरू हो जायेगा काम

मुजफ्फरनगर, 19 सितंबर(बु.) केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बलियान ने जानसठ रोड़ की दुर्दशा वाले पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए कहा कि, जानसठ रोड़ की दिक्कत को वह महसूस कर रहे है। उन्होंने इस रोड़ पर फोर लाइन टेंडर की देरी होना इसकी वजह बताया। मंत्री ने अब जानसठ रोड़ पर एक माह में चौड़ीकरण का काम शुरू हो जायेगा। मंत्री ने कहा कि सड़क के गड्डो को जल्द ही भर दिया जाएगा।


**भावपूर्ण स्मरण**



**स्व. श्री रघुनाथ सहाय जैन**
(रिटायर्ड- प्रवक्ता, दीपचन्द्र ग्रेन चेम्बर इण्टर कॉलेज, मुजफ्फरनगर)
जन्म : 20 सितम्बर 1921
देहावसान : 21 अगस्त 2011

आज आपके जन्म शताब्दी वर्ष पर हम सब हार्दिक एवं आत्मिक भाव से नमन करते हुए आपको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
आपने अपने जीवन में परिवार के प्रति, जो त्याग, बलिदान व समर्पण किया, वह अविस्मरणीय है। समाजसेवा में भी आपका अद्भुत योगदान रहा। हम विश्वास दिलाते हैं कि हम आपके पदचिह्नों पर चलने का पूर्ण प्रयास करेंगे, परन्तु यह तभी सम्भव है, जब आपके अप्रतिम व्यक्तित्व की छाया कृपा रूप में हम पर बनी रहे।
आप हमारे प्रेरणा स्त्रोत बने रहें व अपने आशीर्वाद का स्नेह हम पर बरसाते रहें।

-: शोकाकुल परिवार :-
सुशील कुमार जैन-उर्मिला जैन (पुत्र-पुत्रवधु)
रविन्द्र कुमार जैन 'रिटायर्ड स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर, जयपुर'-वीना जैन (पुत्र-पुत्रवधु)
नरेन्द्र कुमार जैन 'रिटायर्ड वाणिज्य कर अधिकारी, सहारनपुर'-मंजू जैन (पुत्र-पुत्रवधु)
नवीन कुमार जैन 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मैनपुरी'-ममता जैन (पुत्र-पुत्रवधु)
रश्मि जैन-राजेन्द्र कुमार जैन, साधना जैन-अजय कुमार जैन (पुत्री-दामाद)
अमित, मनीष, संदीप, वैभव, अंकुर, अंकित (पौत्र)
रूचि, ऋतु, अंशुला, नेहा, अविका, वंशिका (पौत्री)
एवं समस्त जैन परिवार





**दशकों में जो ना हो पाया**
**4 वर्ष 6 माह में कर दिखाया**



अपराध मुक्त, अन्याय मुक्त, भय मुक्त, सुरक्षित समृद्ध वातावरण का सृजन कर चतुर्दिक विकास के
**4.5 वर्ष**
20 सितम्बर, 2021




(17 सितंबर - 7 अक्टूबर, 2021)



आपका स्नेहाकांक्षी
**कपिल देव अग्रवाल**
नगर विधायक एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
उत्तर प्रदेश सरकार।

**मान्यवर, आपके स्नेह - आशीर्वाद से मुजफ्फरनगर सदर विधानसभा क्षेत्र में कराये गए/स्वीकृत विकास कार्यों का संक्षिप्त विवरण**

मार्गों का निर्माण:-
1100 करोड़ रू0 की लागत से शामली रोड-रामपुर तिराहा बहुप्रतीक्षित रिंग रोड का निर्माण कार्य।
63 करोड़ रू0 की लागत से मुजफ्फरनगर-शुकतीर्थ मार्ग निर्माण।
37 करोड़ रू0 की लागत से मुजफ्फरनगर-जौली बेहड़ा सादात मार्ग निर्माण/स्वीकृत।
15 करोड़ रू0 की लागत से मुजफ्फरनगर गुप्ता रिजोर्ट से रामपुर तिराहे तक मार्ग स्वीकृत।
13 करोड़ रू0 की लागत से सिसौना से मदीना चौक तक कांवड़ मार्ग निर्माण।
1.25 करोड़ रू0 की लागत से मुजफ्फरनगर जानसठ मीरापुर मार्ग की मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य।
5 करोड़ रू0 की लागत से त्वरित योजना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य कराये गए।
38 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फरनगर नगरीय क्षेत्र में 14वें व 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत निर्माण एवं विकास कार्य।
13 करोड़ रू0 की लागत से मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण से विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य।
9 करोड़ रू0 की धनराशि से विधायक निधि के अंतर्गत सीसी रोड/इंटरलॉकिंग/टाइल्स/नाली/नाला/यात्री शेड/बैंच/लिफ्ट आदि कार्य तथा 2 करोड़ रू0 की लागत के प्रस्तावित कार्य।
पुल निर्माण:-
21 करोड़ रू0 की लागत से काली नदी शामली रोड व ग्राम तिगरी में 4 पुलों का निर्माण।
अन्य जनकल्याणकारी कार्य:-
175 करोड़ रू0 की लागत से ग्राम सहावली में एसटीपी प्लांट का निर्माण।
40 करोड़ रू0 की लागत से जल निगम द्वारा सीवरेज का कार्य।
6 करोड़ रू0 की लागत से रामपुरी में ड्रेनेज का कार्य।
जनकपुरी में श्मशान घाट का निर्माण कार्य।
1.25 करोड़ रू0 की लागत से साकेत में तालाब की बाउंड्री एवं सौंदर्यकरण कार्य।
35 करोड़ रू0 की लागत से जानसठ रोड पर पुलिस कर्मियों हेतु ट्रांजिट हॉस्टल।
1.5 करोड़ रू0 की लागत से थाना मुजफ्फरनगर में हॉस्टल/बैरक व विवेचना कक्ष निर्माण।
105 करोड़ रू0 से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति हेतु बघाई में 220 केवीए का बिजलीघर।
5 करोड़ रू0 की लागत से नगर में ट्रांसफार्मर्स की क्षमता बढाना, नए ट्रांसफार्मर्स, जर्जर तारों को बदलना, पोल्स व लाईन शिफ्टिंग का कार्य।
5.5 करोड़ रू0 की लागत से ड्राईविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का निर्माण।
6.5 करोड़ रुपये की लागत से नई एआरटीओ बिल्डिंग का निर्माण।
3.5 करोड़ रू0 की लागत से गांधी पॉलिटेक्निक मुजफ्फरनगर में विभिन्न निर्माण कार्य।
3 करोड़ रुपये की लागत से अमृत एवं स्मार्ट सिटी योजनांतर्गत 7 पार्कों का सौंदर्यकरण कार्य।
25 लाख रू0 की लागत से रामलीला टिल्ला का सौंदर्यकरण कार्य।
50 लाख रू0 की लागत से रामलीला टिल्ला व भिमलाना रोड पर नाले का निर्माण।
3 करोड़ रू0 की लागत से स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरीय क्षेत्र में कुल 3378 शौचालयों का निर्माण तथा 304 सामु0 शौचालय सीट निर्माण।
माध्यमिक शिक्षा विभाग से ग्राम बिलासपुर में इंटर कॉलेज निर्माणाधीन।
ग्राम चांदपुर में इंटर कॉलेज का निर्माण स्वीकृत।
प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत 2.5 लाख रू0 प्रति आवास की दर से लगभग 6612 आवासों की धनराशि आवंटित एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-एएचपी के अंतर्गत 448 आवास स्वीकृत जिनमें से 224 का आवंटन किया जा चुका है, शेष निर्माणाधीन है।
काशीराम आवास योजना के अंतर्गत लगभग 500 आवासों का आवंटन।
राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत 805 समूहों का गठन किया गया है जिसमें 319 समूहों को लगभग 10 करोड़ रू0 की धनराशि रिवाल्विंग फंड के रूप में प्रदान की गई है।
वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत लगभग 4 हजार लाभार्थियों को 6 करोड़ 55 लाख 64 हजार रू0 का भुगतान सीधा उनके बैंक खातों में हस्तांतरित।
विधवा पेंशन योजना के तहत लगभग 6 हजार लाभार्थियों को 12 करोड़ 44 लाख 97 हजार रू0 का भुगतान सीधा उनके बैंक खातों में हस्तांतरित।
दिव्यांग पेंशन योजना के तहत लगभग 2 हजार लाभार्थियों को 5 करोड़ 36 लाख 38 हजार रू0 का भुगतान सीधा उनके बैंक खातों में हस्तांतरित।
पीएम जन आरोग्य योजना के तहत 58881 आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रू0 प्रतिवर्ष की चिकित्सा सुरक्षा।
जिला चिकित्सालय व जिला महिला चिकित्सालय में क्रमशः 1000 एलपीएम व 500 एलपीएम ऑक्सीजन प्लांट पीएम केयर फंड से स्थापित किये गए।
सैटेलाईट रोडवेज बस स्टेशन का कार्य प्रस्तावित।
62 लाख रू0 की लागत से चौ0 चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिम हॉल, कुश्ती मैट व बास्केट बॉल कोर्ट का निर्माण।
48 लाख रू0 की लागत से जिला चिकित्सालय में वन स्टॉप सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर।
25 लाख रू0 से कलेक्ट्रेट परिसर में उपभोक्ता फोरम के लिए मीडिशन सेंटर का निर्माण कार्य।
प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (बीपीएल परिवारों हेतु एलपीजी कनेक्शन) के अंतर्गत 37026 निःशुल्क घरेलू कनेक्शन प्रदान किये गए।
पात्र गृहस्थी योजना के अंतर्गत कुल 165697 कार्ड तथा अन्त्योदय योजनांतर्गत कुल 4659 कार्ड बनाये गए हैं जिनसे क्रमशः 717558 व 14985 लाभार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।



1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

# साढ़े चार साल का हिसाब

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कल अपनी सरकार के साढ़े चार साल का हिसाब किताब पेश किया। विपक्ष ने सरकार के दावे को झूठ का पुलिंदा बता दिया। राज्य के कई ज़िलों में कई विधायकों, सांसदों और मंत्रियों ने योगी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। विपक्ष के ज़्यादातर नेता ट्विटर पर रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में प्रेस कांफ्रेंस की। योगी ने दावा किया कि साढ़े चार साल में सरकार ने साढ़े चार लाख युवाओं को रोज़गार दिया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में आज यूपी देश में नंबर दो पर है। वहीं 44 योजनाओं में यूपी नंबर वन है। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले 4.5 साल के दौरान कहीं दंगा नहीं हुआ। हमारी सरकार सुशासन को समर्पित रही। अपराधियों की संपत्तियां ज़ब्त की। किसी भी अपराधी की जाति या धर्म नहीं देखा। सपा-बसपा पर हमला करते हुए सीएम ने कहा, इससे पहले जो मुख्यमंत्री थे, वे अपने लिए बड़ी-बड़ी हवेली बनाते थे। पहले की सरकारों में बड़ी-बड़ी हवेली बनाने की होड़ चलती थी। पिछले साढ़े चार साल में हमने 42 लाख गरीबों के लिए आवास बनाए हैं। योगी ने कहा, 2007 से 2017 तक मात्र 95 हज़ार करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया था। हमारी 4.5 साल की सरकार में 1.44 लाख करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य का रिकॉर्ड भुगतान किया गया। 66 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद सीधे किसानों से हमारी सरकार ने की है। पिछली सरकार में मात्र 6 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी, वह भी किसानों से नहीं आढ़तियों के माध्यम से की गई थी। विपक्ष के मित्र अगर लोक कल्याण कार्यक्रम में आ जाते तो समझ जाते कि भाजपा ने 2017 में जो वादे किए थे। उन सभी वादों को पूरा किया है। भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे। योगी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में किसी का चेहरा नहीं, बल्कि योग्यता के आधार पर भर्ती की गई। सभी नियुक्तियां वर्षों से लंबित थीं, क्योंकि पिछली सरकारों में ईमानदारी का अभाव था। भर्ती निकलती थी, तो पूरा खानदान वसूली के लिए निकल पड़ता था। पहले ट्रांसफर पोस्टिंग एक उद्योग बन चुका था। हमने प्रशासनिक स्थिरता दी। सुरक्षा का माहौल बना, तो निवेश भी आया। 2018 में देश का हर उद्योगपति इन्वेस्टर समिट में आया था। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी पहले 14वें स्थान पर था, यानी हमारी गिनती नहीं थी और आज नंबर दो पर हैं। तीन लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। 44 योजनाओं में उत्तर प्रदेश नंबर-1 पर चल रहा है। सर्वांगीण विकास आज नए देश के नए उत्तर प्रदेश की पहचान है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश को देश में रुकावट पैदा करने वाला प्रदेश समझा जाता था। आज नेक नीयत और ईमानदार नेतृत्व का नतीजा है कि प्रदेश, देश की बड़ी योजनाओं का नेतृत्व कर रहा है। विपक्ष ने कड़े शब्दों के साथ सरकार को फेल बताया है। अखिलेश यादव और प्रियंका गांधी ने राज्य की भाजपा सरकार को 'ठगका साथ, ठगका विकास, ठगका विश्वास' वाली सरकार बताया है। विपक्षी दलों समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस ने जमकर हमला बोला है और सरकार की उपलब्धियों के दावे को हवा-हवाई बताया है। अखिलेश यादव ने ट्वीट के जरिये कहा, इस दंभी सरकार के 54 माह गुजर गये और अब सिर्फ छह माह बचे हैं। उन्होंने कहा, किसान, गरीब, महिला और युवाओं पर अत्याचार करने वाली, बेरोजगारी, महंगाई, नफरत, ठप कारोबार के बहकावे, फुसलावे वाली जुमलेबाज सरकार के छह माह बचे हैं। जिसका सच ठग का साथ, ठग का विकास और ठग का प्रयास हो, ऐसी सरकार नहीं चाहिए। विपक्ष के हमलों के जवाब में भाजपा नेताओं ने कहा है कि जनता जानती है कौन-कौन ठग हैं, जनता उन ठगों को दोबारा कोई अवसर देने वाली नहीं है, वे केवल बिलबिला रहे हैं और सत्ता की तरफ़ जीभ लपलपा रहे हैं, मगर जनता जानती है कि काम किसने किया और ठगने में कौन लगा रहा। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के साढ़े चार साल पूरा होने पर सांसद, मंत्रियों ने राज्य में सरकार के काम गिनाए। मेरठ में राज्यसभा सदस्य विजयपाल सिंह तोमर ने कहा कि साढ़े चार सालों में यूपी के चारों तरफ एक्सप्रेस-वे का जाल बुन गया है। प्रदेश विकास की दौड़ में आगे है। अपराधियों, माफियाओं पर अंकुश है। सर्किट हाउस में मीडिया से वार्ता करते हुए विजयपाल बोले कि जो लोग किसानों के हक़ की बात करते हैं, उनको बता दें किसानों का बकाया इतना ज़्यादा था कि गन्ना बोना बंद कर दिया था। मोदी जी न होते तो आज कोई किसान गन्ना न बोता। मोदीजी, योगीजी ने गन्ने का भुगतान कर किसानों को आगे बढ़ाया है। जो लोग किसान आंदोलन की बात करते हैं, वो नहीं जानते कि योगीजी ने लागत से दोगुना भुगतान किया है। बड़े पैमाने पर ख़रीद की है। इस सत्र के शुरू होने से पहले हर मिल हर हालत में पूरा पेमेंट करेगी, इस पर भी पूरी सख़्ती रहेगी। किसान आंदोलन विपक्ष प्रायोजित है। मेरठ में भी चीनी मिलें 86 फीसद भुगतान कर चुकी हैं। केवल यूपी का सीएम ऐसा सीएम है, जो कोरोना में अस्पतालों में घूमा। तोमर ने शहर के विकास पर मेयर पर निशाना साधा। कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग, स्मार्ट बस अड्डा, सड़कों का काम क्यों नहीं हुआ? ये शहर की बात है। शहर के विकास की बात नगर निगम से पूछें। मेयर बताएं कि शहर का विकास क्यों नहीं हुआ। मेरठ में मेयर सुनीता वर्मा सपा से हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के अस्पतालों में 30 हज़ार बेड बनाने की घोषणा की थी, लेकिन 3 भी नहीं लगे, तो 300 यूनिट बिजली कैसे फ्री देगी। दिल्ली में जब ऑक्सीजन का ऑडिट हुआ, तो मांग घट गई। यूपी में इतनी बिजली है कि इन्वर्टर कारोबार बैठ गया। तोमर ने कहा कि यूपी में अब 20 घंटे बिजली मिलती है। शहरों में 20 और गांवों में 18 घंटे बिजली आ रही है। यूपी में आज इतनी बिजली है कि इन्वर्टर, डीजल का कारोबार ख़त्म हो गया। देश में यूपी में सबसे अच्छी बिजली है। सरकार बिजली के लिए कॉरपोरेशन को अनुदान दे रही है। किसानों को सस्ती बिजली देने पर भी सरकार काम कर रही है।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

'फ़ेसबुक' 'वाट्सप' 'पटल' 'काव्य'

फ़ेसबुक से वाट्सप और वाट्सप से फ़ेसबुक,
पकने से बचते रहे और हम पटल पर छा गए।
फ़ेसबुक पर काव्य सुनना अब बहुत आसान है,
जब पकाया काव्य ने तो वाट्सप पर आ गए।

# श्री बांके बिहारी युवा मंच बुढ़ाना ने किया भोग भंडारे का आयोजन

बुढ़ाना, १६ सितंबर (बु.)। आज रविवार के दिन पारसी बस स्टैंड के समीप द्वितीय गणेश महोत्सव बड़ी ही धूमधाम और हर्सोल्लास के साथ श्री बांके बिहारी युवा मंच बुढ़ाना के तत्वावधान में मनाया गया। इस दौरान यहां पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक उमेश मलिक भी पहुंचें, यहां पर जहां एक ओर भोग भंडारे का आयोजन किया गया था, तो वहीं दूसरी ओर गणपति विसर्जन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। यहां पर मंगल आरती के बाद गणपति विसर्जन के लिए शुक्रताल ले जाए गये। बताया जाता है कि कस्बा बुढ़ाना के पारसी बस स्टैंड के पास स्थित मनमोहन कश्यप के आवास पर भगवान गजानन की चरण वंदना की गई। यहां पर भगवान गणपति की आरती भी की गई। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सोनू कश्यप, डॉ. शेखर कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ठाकुर रामनाथ सिंह, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, बुढ़ाना नगर पंचायत के नामित सदस्य कुलदीप बागड़ी, ठाकुर भरत राजपूत, शुभम शर्मा, मनमोहन राजपूत, अनुज जैन एवं अन्य लोगों ने भगवान गणपति की भी आरती की।





# भगवान वासु का कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर ( बु. )। जैन धर्म के दशलक्षण महापर्व के उपलक्ष्य में रविवार को अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर जनपद के श्री दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र वहलना समेत अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के अनुयायियों ने भगवान वासु का कल्याणक महोत्सव पूजा अर्चना के साथ हर्षोल्लास, श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया। इस दौरान जैन समाज के नगर के 9 जैन मंदिरों में निर्वाण लड्डू, समर्पित करने के लिए स्त्री, पुरुष एवं बच्चों की भारी भीड़ इन मंदिरों में दिखाई दी। इस दौरान जैन मंडी मंदिर से नसिया मंदिर तक जल कलश यात्रा निकाली गई। मंदिरों में जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा अभिषेक नवन किया। इस दौरान तमाम जैन जिनालयों में 24 तीर्थंकरों, पुराने शास्त्रों व जिनवाणी के सम्मुख पूजा अर्चना के बाद में अनंत चतुर्दशी और 21 सितंबर को जैन परंपरागत के अनुसार क्षमापर्व यानी क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा। पूर्व वर्षो की भांति रविवार को देशभर के साथ जनपद के तमाम जैन मंदिरों में दशलक्षण पर्युषण महापर्व के अंतर्गत आने वाली भाद्रपद शुक्ल पक्ष अनंत चतुर्दशी पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस कड़ी में श्री दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र वहलना मंदिर के महामंत्री राज कुमार जैन नावला वालों ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पर्व पर दिगंबर जैन धर्म में काफी महत्व है, जिसमें महिलाएं हर वर्ष पूजा-अर्चना करती हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक आयोजनों को विधि पूर्वक करने से मनुष्य के सारे अशुभ कर्मो का क्षय होकर पुण्य तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सांसारिक दृष्टि से उत्तम शरीर प्राप्त होना इसका फल बताया है। उन्होंने बताया कि उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा करते हैं। ब्रह्म का अर्थ होता है कि अपनी ज्ञान रूपी आत्मा में लीन होना, व्यवहार में मन के विकारों को जीतने का नाम ही ब्रह्मचर्य है। उन्होंने कहा कि नारी जाति का सम्मान करना गृहसथ का ब्रह्चर्य है। हमारे पुराणों में सीता, द्रोपदी, मनोरमा, अंजना, रमणमजूषा आदि महासतियों तथा भगवान पार्श्व महावीर, सुकौशन मुनि, भीष्म पितामह आदि पुरुषों के प्रेरक जवन प्रसंग मिलते हैं। उन्होंने कहा कि अनंत चतुर्दशी के पावन दिन इस धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना होगा। इस दौरान श्री दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र वहलना में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री राजकुमार जैन, संजय जैन, राजीव जैन, रोहित जैन, विप्लव जैन, मनीष जैन, विजय जैन, अमित जैन, दिनेश जैन, वैभव जैन, सतीश जैन, आशीष जैन, निखिल जैन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



## म्हाड़ी पर श्रद्धालुओं ने छड़ी का निशान चढ़ाया

चरथावल, १६ सितम्बर (बु.)। जाहरवीर गोगा म्हाड़ी पर श्रद्धालुओं ने छड़ी का निशान चढ़ाकर स्वजनों की खुशहाली व उन्नति की मनोती मांगी। मेले का शुभारंभ भाजपा मंडल संयोजक सोशल मीडिया प्रभारी विशाल त्यागी ने करते हुए कहा कि भारतीय मेले हिन्दू संस्कृति की ध ारोहर है। मेलों के माध्यम से बुजुर्गों ने हमेशा एकता व अखण्डता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है, जहां अनेकता में एकता झलकती है। कस्बे में रोहाना मार्ग स्थित गोगा महाड़ी पर मेले में खेल खिलौने की दुकान व झूले बच्चों के आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। मेले में दूरदराज से आये श्रद्धालुओं ने नीले रंग की छड़ी निशान व प्रसाद चढ़ाकर स्वजनों की सुख समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास है कि श्रद्धा व विश्वास के साथ की गयी कामना हमेशा पूरी होती है। मेले में खीर व कढ़ी चावल का प्रसाद बिजेंद्र त्यागी ने वितरित किया। मेले में सभापति कुबेरदत्त त्यागी, बिजेंद्र त्यागी, मनीष गर्ग, सोनू त्यागी, शीलू त्यागी, जितार्थ त्यागी, पंकज कश्यप, मंयक त्यागी, रमेश चंद त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## शहर श्रीरामलीला सभा का ध्वज पूजन कर रामलीला टिल्ले पर स्थापित

मुजफ्फरनगर, १६ सितंबर (बु.)। रविवार को श्रीरामलीला सभा (रजि.) शहर मुजफ्फरनगर द्वारा श्रीरामलीला ध्वज पूजन श्री सनातन धर्म में विधि विधान से पंडित भुवनेश कपिल द्वारा कराया गया। कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए हनुमान जी (प्रफुल्ल शर्मा) द्वारा ध्वज श्रीरामलीला टिल्ले पर स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में रामलीला कमैटी के अध्यक्ष शिवचरण गर्ग, कार्यकारिणी अध्यक्ष दीपक मित्तल, मंत्री सतीश गर्ग, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, संयोजक नरेन्द्र गुप्ता एड., मुख्य निर्देशक साधुराम गर्ग एड., अजय गर्ग, शंकर स्वरूप बंसल, रविन्द्र गुप्ता एड., अर्जुन अग्रवाल, अनमोल सिंघल, आनंद अग्रवाल, देवेन्द्र गोयल, अंजूल भूषण, नरेश सिंघल, कृष्ण गोपाल मित्तल, अक्षय सिंघल, बाबूराम कौशल, पुष्पेन्द्र जिन्दल, वैभव मित्तल, रजत गोयल, अशोक गर्ग, सुशील गोयल, सुशील सिटी, अनिकेत गौतम, सौराज पाल, मुकेश पाल, पंकज वर्मा, अर्पित राज अग्रवाल, प्रशांत बंसल, सुरेश पाण्डे, प्रह्लाद, राजेश सैनी, नरेश सभासद आदि उपस्थित रहे। आरती व पूजन मुख्य अतिथि शंकर स्वरूप बंसल के द्वारा सम्पन्न कराया गया। श्रीरामलीला टिल्ले पर श्रीहनुमान ध्वज फहराने में पंडित ध्यानचंद कुश व सचिन कुमार पुत्र सुशील कुमार का सराहनीय योगदान रहा।


**मकान बिकाऊ है**

नई मण्डी गौशाला रोड पर मकान-दुकान बिकाऊ है, जिसमें शोरूम एवं ऑफिस बनाया जा सकता है, जो दो मंजिला बना हुआ है। जिनका 15 फुट फ्रंट, 23 फुट गहराई नीचे, और ऊपर 30 फुट फ्रंट 23 फुट गहराई है, जो तुरन्त बिकाऊ है।

-: सम्पर्क करें :-
9058044770
7536014770


# गणपति बप्पा मोरया के गगन चुंबी जयघोष के बीच संपन्न हुआ मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम

## - नई मंडी क्षेत्र में शोभायात्रा के बाद खतौली गंग नहर में मूर्ति विसर्जन

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर ( बु. )। श्री गणेश महोत्सव के बीच रविवार को अनंत चतुर्दशी देशभर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। महोत्सव की कड़ी में श्री गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर परिवार की ओर से नई मंडी क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा के बीच मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम संपन्न किया। इस बीच श्री गणेश महोत्सव में भक्तों द्वारा गणपति बाबा की पूजा अर्चना के साथ ही खतौली गंग नहर में श्री गणेश महोत्सव के बीच मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। देशभर के साथ जनपद में जारी श्री गणेश महोत्सव की धूम मंदिरों के साथ ही घरों में पूजा अर्चना की। लगातार 10 दिनों तक जारी रहे महोत्सव के बीच रविवार को इस कड़ी में भरतिया कालोनी श्री गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर परिसर में चल रहे श्री गणेश महोत्सव में रविवार को नई मंडी के मुख्य बाजारों में विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान बैंड-बाजों व डीजे की धुनों पर नाचते गाते श्रद्धालु रंग-गुलाल उड़ाते हुए दिखाई दिए। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के गगनचुंबी नारों के बीच श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में विसर्जन यात्रा के बाद खतौली स्थित गंग नहर पर बनाए गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने श्री गणपति मूर्ति विसर्जन किए जाने के साथ गंगा में डूबकी लगाते हुए धर्म लाभ उठाया। इस दौरान संपन्न कार्यक्रम में श्री गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर संस्थापक भीम कंसल, प्रधान अशोक गर्ग, मंत्री अनिल गोयल, जेपी गोयल, कैलाशचंद ज्ञानी, विनोद राठी, रजत राठी, विकास कन्नू, हरि मोहन मन्नी, बिजेंद्र एवं कुलदीप समेत मंदिर पदाधिकारी व श्रद्धालु मौजूद रहे। उधर, नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार की सुबह से श्रद्धालुओं का बैंडबाजों के बीच गणेश जी की प्रतिमा लेकर गंगा घाट पहुंचना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से गणपति जी की पूजा अर्चना व आरती के बीच भजनों पर नाचते गाते एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच गणेश जी की प्रतिमा को गंगा में विसर्जित किया गया। इससे पूर्व अनेक श्रद्धालुओं ने गणेशजी की प्रतिमा के साथ सेल्फी भी ली। अनेक श्रद्धालुओं ने नौका में बैठकर गहरे पानी में जाकर गणेशजी की प्रतिमा का गंगा में विसर्जन किया।

## कस्बे में नाचते गाते निकाली गई शोभायात्रा

जानसठ, १६ सितंबर (बु.)। कस्बे में गणपति की मूर्ति की शोभायात्रा निकालकर उन्हें विदा किया गया। इस दौरान श्रद्धालु जमकर नाचते गाते दिखाई दिए। कस्बे के सीएचसी परिसर में गणपति बप्पा को स्थापित किया था। रविवार को उनकी विदाई का समय आया, तो श्रद्धालुओं ने उनकी विदाई भी शानदार तरीके से की। उनकी मूर्ति को कस्बे के मुख्यबाजार में घुमाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर अबीर गुलाल बिखेरा। श्रद्धालुओं ने नाचते गाते, गणपति बप्पा मोरिया के नारे लगाते हुए कस्बे के हुसैनपुरा, मंगल मौहल्ला, बुधकटहैरा से होते हुए मुख्य बाजार में शोभायात्रा निकाली। उसके बाद सभी श्रद्धालु उन्हें लेकर जटवाड़ा स्थित गंगनहर पर गए और उनका विसर्जन किया। इस दौरान पुलिस व्यवस्था कड़ी की गई थी।

# उप्र विकास एवं सुशासन की मिसाल बन चुका है, सभी घोषणाओं को पूरा किया : योगी

लखनऊ, 19 सितम्बर ( वार्ता )। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि 2017 से पहले अपराध और पिछड़ेपन का शिकार माना जाने वाला उत्तर प्रदेश पिछले साढ़े चार साल के दौरान देश में विकास और सुशासन की मिसाल बन चुका है और उनकी सरकार ने चुनाव से पहले संकल्पपत्र की एक-एक घोषणाओं को पूरा किया है। श्री योगी ने रविवार को लोकभवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अपनी सरकार की साढ़े चार साल की उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2017 में संकल्पपत्र में जो घोषणाएं की थी एक-एक वादे को सरकार पूरा करने काम किया है। उन्होंने कहा कि 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव आयेंगे और भारतीय जनता पार्टी 350 सीट पाकर के फिर से भारी बहुमत के साथ सरकार बनायेंगी। उन्होंने कहा कि मैं अपनी पूरी टीम की ओर से प्रदेश की 24 करोड़ जनता को हृदय से बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि अभिभाव स्वरुप यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आज हमारी सरकार सफलतापूर्वक साढ़े चार वर्ष पूरे कर रही है। यह कार्यकाल आबादी में सबसे बड़े राज्य, उस प्रदेश के लिए सुरक्षा व सुशासन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और विकास के क्षेत्र में राज्य सरकार ने जो उपलब्धियां हासिल की इससे देश दुनिया में उत्तर प्रदेश के प्रति लोगों का नजरिया बदला है। श्री योगी ने कहा कि मैं 2012 से 2017 के पहले प्रदेश में गुंडे माफिया सत्ता संरक्षण प्राप्त करके भय का माहौल बनाए रहते थे और अराजकता फैलाते थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में औसतन हर तीसरे-चौथे दिन एक दंगा होता था, लेकिन पिछले साढ़े चार वर्षों में प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ। हमारी सरकार ने गुण्डे बदमाशों के खिलाफ काम किया। उन्होंने कहा कि अपराधियों के डर से प्रदेश में निवेशक आने से कतराते थे। केन्द्र सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ नहीं होने से गरीब और किसान बदहाल हालत में थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने सत्ता में आने के बाद संगठित अपराध पर नकेल कसी और माफियाओं की 1800 करोड़ों की संपत्ति को जब्त किया और उनके अवैध निर्माण ध्वस्त कराने का काम किया गया। माफियाओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की गयी।




**REQUIRED**

1. Marketing Manager :
Candidate must be Graduate with good communication skill in Hindi & English. The Scope of Marketing is all over India. Touring platform to collect the order from the various Govt. Department such as CPWD, MES, RAILWAY, BUILDERS & CONTRACTORS. Experienced person will be preferable.
2. Telecaller :
Candidate must be soft spoken with fluent in English, Experienced candidate preferable & must be Graduate. Female candidate can apply.

M/s BLUESTAR SANITARY INDUSTRIES PVT. LTD.
Contact - 9358909840
E-mail : bluestarindustriespvtltd@gmail.com


# श्रीराधा गोविंद मंदिर ( नागों वाला मंदिर ) में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बुस.)। जनपद मुजफ्फरनगर के पटेल नगर स्थित श्रीराधा गोविंद मंदिर(नागों वाला मंदिर ) में आज एक हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ चेकअप कैंप अबाउट लाइफ फाउंडेशन संस्था के द्वारा आयोजित किया गया। हेल्थ चेकअप कैंप का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित श्रीभगवान शर्मा के द्वारा राधा कृष्ण जी के समक्ष पूजा–अर्चना कर व फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पंडित भगवान शर्मा ने कहा कि देश में इस आपदा के समय चिकित्सकों द्वारा समय–समय पर जगह–जगह जाकर ऐसे शिविरों का आयोजन करना चाहिए ओर इस तरह के निशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर में बढ़–चढ़कर हर समाज के सामाजिक लोगों को भी हिस्सा लेना चाहिए। इससे देश में आने वाली आपदाओं से सरलता से छुटकारा पाया जा सकता है तथा प्रत्येक देशवासी को बीमारियों से लड़ने के लिए मनोबल भी प्रदान होता है। हेल्थ चेकअप केम्प में लगभग ३०० लोगों के द्वारा अपने स्वास्थ संबंधी सलाह एवं चेकअप कराया गया। मंदिर के ट्रस्टी तरुण बंसल ने बताया कि फ्री हेल्थ चेकअप कैंप में आने वाले प्रत्येक रोगी को निशुल्क परामर्श दिया गया, जिसमें बीपी, शुगर, फिजियोथैरेपी, डेंटल व अन्य बीमारियों का इलाज निशुल्क किया गया। आयुष्मान हॉस्पिटल बुढाना मोड़ मुजफ्फरनगर के तत्वाधान में लगाये इस कैंप जिसमें वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आलोक कुमार, डॉ. मोहित गिल, डॉ. अनुराग गोयल, डॉ. शिवानी लाल, डॉक्टर शिवांगी गिल, डॉ. अभिनव शर्मा, डॉक्टर देवांश जिंदल व अन्य प्रमुख चिकित्सकों द्वारा आए हुए रोगियों को निशुल्क परामर्श दिया गया। चेकअप कैंप की व्यवस्था बनाने में मंदिर के सहयोगी अमित तिवारी, सोनू पंडित, आशुतोष बंसल, संजीव सिंघल, सोनू मित्तल, वैभव जैन, अमरपाल आदि का सहयोग रहा।

## सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, १६ सितंबर (बु.)। सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन शाखा मुजफ्फरनगर की एक बैठक बारातघर पचैण्डा रोड मुजफ्फरनगर पर सम्पन्न हुई, जिसमें सहारनपुर से पधारे के.एल. अरोरा संस्थापक के.एल. डाबरा, सुरेन्द्र कुमार, आर.के. जैन, डॉ. के.के. खन्ना आदि उपस्थित हुए तथा उनके द्वारा संस्था के कार्य तथा इसके बारे में उपस्थित लोगों को सभी जानकारियां दी तथा सभी से इसकी सदस्यता ग्रहण करने का निवेदन किया। चुन्नी लाल सुनेजा, प्रमोद अरोरा, राजेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र कुमार गर्ग, राजकुमार मलिक, ए.के. डोडा, अनिल सोबती, विनोद डाबरा, रविन्द्र कुमार गुप्ता, राजेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।








# प्रदेश सह संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का स्वागत किया

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बुस.)। सदर विधानसभा मुजफ्फरनगर के प्रबुद्ध सम्मेलन में आए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सह संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का भाजपा नई मण्डी मण्डल अध्यक्ष राजेश पाराशर के दीपचन्द कॉलोनी स्थित आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंत्रणा की। सम्मेलन के बाद वहाँ राजेश पाराशर ने सभी अतिथियों को रुद्राक्ष की माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकरकर सम्मानित किया व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। राजेश पाराशर, पूर्व जिला अध्यक्ष यशपाल पंवार, देवव्रत त्यागी व सभी भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं ने मुख्य अतिथि प्रदेश सह संगठन मंत्री भारतीय जनता पार्टी कर्मवीर सिंह व जिला प्रभारी सत्येंद्र सिसोदिया प्रतीक चिन्ह फरसा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री (उप्र सरकार) कपिल देव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पँवार, देववृत त्यागी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कार्तिक काकरान, जिला मंत्री रेणु गर्ग, जिला महामंत्री सुषमा पुण्डीर, गीता जैन, जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, विजेन्द्र पाल, राजीव सिंह, नितिन मलिक जिला उपाध्यक्ष, विकास अग्रवाल सह मीडिया प्रभारी, सदर विधानसभा विस्तारक आशीष सिं, कुश पुरी, भूदेव सिंह, दल सिंह वर्मा, सुनील दर्शन, कांति राठी, मण्डल महामंत्री डॉ. अशोक कुमार, मण्डल उपाध्यक्ष बशेश्वर दया, मण्डल मंत्री योगेश चौधरी, चाचा सुरेश, सभासद विपुल भटनागर, प्रियांशु जैन, कूकड़ा मण्डल अध्यक्ष हरेन्द्र पाल, हनुमत मण्डल अध्यक्ष रोहित तायल, केशव मण्डल अध्यक्ष कपिल त्यागी, केशव मण्डल महामंत्री नन्द किशोर, सैक्टर संयोजक प्रियांक गुप्ता, पंकज शर्मा, मण्डल सह मीडिया प्रभारी अश्विनी शर्मा, रजत त्यागी नई मण्डी मण्डल युवा मोर्चा महामंत्री प्रशांत गौतम मण्डल उपाध्यक्ष शुभम शर्मा, आयुष गोयल, मण्डल मंत्री अर्श सिंघल व तनु शर्मा, मुकुल भारद्वाज, अंकुर शर्मा, प्रशांत नगर ,मुकेश दत्त पाराशर, राकेश पाराशर, राहुल पाराशर, शिवम पाराशर, उदय पाराशर आदि मौजूद रहे। इस मौके पर कमरे में बैठकर कर्मवीर सिंह ने पार्टी के नेताओं तथा अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मंत्रणा की। इसमें भारतीय जनता पार्टी की सरकार के काम को जनता तक पहुँचाने और किसान आंदोलन के बाद की स्थिति को लेकर चर्चा की गई। कर्मवीर ने कहा कि जनता में पार्टी के प्रदेश नेतृत्व तथा केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विश्वास है। उत्तर प्रदेश में माफियाओं गुंडों का राज का खात्मा योगी सरकार ने कर दिया है। उत्तर प्रदेश योगी की सरकार ने दहशत भय का माहौल बिल्कुल खत्म कर दिया है। सभी प्रदेशवासी निडरता के साथ किसान खेत में और व्यापारी अपना व्यापार कर रहे हैं। उत्साह और पूरी ताकत के साथ पार्टी चुनाव लड़ेगी और इस बार फिर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार का गठन किया जाएगा।

# संयुक्त राष्ट्र में भारत के नजरिये से भविष्य की दुनिया की तस्वीर पेश करेगी भारत की बेटी पुपुल

नयी दिल्ली, 19 सितम्बर ( वार्ता )। संयुक्त राष्ट्र महासभा में सोमवार को भारत की एक ऐसी बेटी की आवाज गूंजेगी जो अपनी विशिष्ट शैली में कहानी के रूप में भविष्य की दुनिया का खाका पेश करेगी और वह भी भारतीय नजरिये से। जी हां , भारत की 29 वर्षीय भविष्यवेत्ता पुपुल बिष्ट संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76 वें सत्र में सतत विकास के लक्ष्यों के तहत ''न्याय, समानता और विश्वास के लिए प्रभावशाली तथा समावेशी संस्थान'' विषय पर पैनल चर्चा में हिस्सा लेंगी। इस चर्चा में वह अतीत की कथाओं के जरिये भारतीय दृष्टिकोण से भविष्य की दुनिया का खाका खींचने की कोशिश करेंगी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा बुलाये गये इस विशेष सत्र में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित सुश्री बिष्ट ने यूनीवार्ता को बताया, ''इस महत्वपूर्ण चर्चा में हिस्सा लेना उनके लिए गौरव की बात है। वर्ष 2020 का दशक 2030 के सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को तुरंत तथा प्रभावशाली ढंग से इन पर काम करना होगा। हमें यह बात माननी चाहिए कि सभी के भविष्य की कल्पना व्यवस्था में बैठे कुछ लोगों द्वारा नहीं की जा सकती। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जिस पैमाने पर बदलाव हो रहे हैं उनसे कोई पीछे न छूट जाये। यह सीमाओं से आगे जाकर मिलकर और तालमेल से काम करने का मौका है जिससे कि हम अपनी मौजूदा तथा भविष्य की पीढियों के लिए समावेशी दुनिया का निर्माण कर सकें।'' उन्होंने कहा कि वह अतीत की गहराइयों में जाकर भविष्य की तस्वीर को उकेरने की कोशिश करती हैं क्योंकि हमारी लोककथाओं में असीमित खजाना है जिसे दुनिया तक पहुंचाने की जरूरत है और वह अपनी कहानी की विधा से यही प्रयास करने में जुटी हैं। इस विशेष सत्र में वह 30 सदस्य देशों के विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त सामाजिक नेताओं के साथ अपने विचार साझा करेंगी। सत्र में विभिन्न निजी और अंतर्राष्ट्रीय साझीदार भी हिस्सा ले रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस के प्रारंभिक वक्तव्य के बाद यह सत्र शुरू होगा और इसमें बिल गेट्स फाउंडेशन की मिङ्कलदा गेट्स, विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक , नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला युसुफजई, अफ्रीका के लिए संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक आयोग के कार्यकारी सचिव डा वेरा सोंगवे, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रशासक अचीम स्टेनर और तीस से चालीस देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी हिस्सा लेंगे। सुश्री बिष्ट ने पिछले वर्षों में कड़ी मेहनत और शोध के बल पर भविष्यवेत्ता के रूप में अपनी पहचान बनायी है। वह राजस्थान की कावड़ कथा के आधार पर अतीत का विश्वलेषण कर भारतीय नजरिये से भविष्य की दुनिया की तस्वीर पेश करती हैं।

## चरणजीत सिंह चन्नी होंगे पंजाब के नये मुख्यमंत्री, शपथग्रहण सोमवार को

चंडीगढ़, 19 सितम्बर( वार्ता ) श्री चरणजीत सिंह चन्नी को आज पंजाब कांग्रेस विधायक दल का नेता चुन लिया गया और अब वह राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। पार्टी के प्रदेश मामलों के प्रभारी हरीश रावत ने श्री चन्नी को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुने जाने की जानकारी ट्वीट करके दी। उन्होंने कहा 'उन्हें यह बताते हुये खुशी हो रही है कि श्री चन्नी को पार्टी विधायक दल का नेता चुना गया है'। श्री चन्नी विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद श्री रावत, प्रदेशाध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के साथ राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से मिलने के लिये राजभवन पहुंचे तथा उन्हें सरकार बनाने के लिये पत्र सौंपा। राज्यपाल ने उन्हें शपथ ग्रहण के लिये सोमवार 11 बजे का समय दिया है।

## चारधाम के लिये 42 हजार से अधिक ई-पास जारी, 2530 तीर्थ यात्री पहुंचे

देहरादून 19 सितंबर ( वार्ता ) उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू होने के दूसरे दिन रविवार शाम तक देवस्थानम बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से 42 हजार से अधिक ई-पास जारी किये जा चुके है। जबकि 2530 से अधिक तीर्थयात्रियों ने चारधाम के दर्शन किए हैं। गढ़वाल आयुक्त एवं उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविनाथ रमन ने बताया कि आज श्री बदरीनाथ धाम हेतु 1645, श्री केदारनाथ हेतु 2160, श्री गंगोत्री हेतु 788 तथा मयुनोत्री हेतु 598 ई पास जारी हुए। इस तरह शनिवार और रविवार आज तक कुल 42 हजार से अधिक ई पास जारी हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिनमें अपराह्न तक श्री बदरीनाथ धाम 9989, केदारनाथ हेतु 18934, गंगोत्री हेतु 4727, यमुनोत्री हेतु 4361 ई पास जारी हो चुके है। उन्होंने बताया कि अभी लगातार ई पास बनाए जा रहे है।

## छात्र को डांटना पड़ा महंगा

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बु.)। बदसलूकी करने पर छात्र को डांटने पर छात्र के पिता ने कुछ लोगों के साथ मिलकर प्रधानाचार्य पर जानलेवा हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दक्षिणी खालापार स्थित फारुक मार्डन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य आसिफ ने शहर कोतवाली पर दी गई तहरीर में बताया कि उनके स्कूल में कक्षा–पांच का एक छात्र शिक्षकों व सहपाठियों के साथ काफी समय से बदसलूकी कर रहा था। एक शिक्षिका की शिकायत पर जब उन्होंने छात्र को डांटा तो वह घर भाग गया। आरोप है कि रविवार दोपहर छात्र के पिता कुछ साथियों के साथ स्कूल पहुंचे और कार्यालय में मौजूद प्रधानाचार्य आसिफ पर हमला कर दिया। लोहे की रॉड मारकर प्रधानाचार्य को लहूलुहान कर दिया गया। इसके बाद आरोपी कार्यालय में तोड़फोड़ कर धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, भागते समय फंसने के डर से आरोपी ने अपना सिर भी दीवार में मारकर खुद को घायल कर लिया। प्रधानाचार्य ने आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## अपहरण कर रेप करने वाला दबोचा

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर( बु. )। नई मंडी पुलिस ने अपहरण कर रेप करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरठ जनपद के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव रठोड़ा खुर्द निवासी बिजेंदर के विरुद्ध नई मंडी थाने पर युवती का अपहरण कर रेप करने के आरोप में मुकदमा दर्ज है। उक्त मुकदमे में वह फरार चल रहा था। आज पुलिस ने एक सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सर्प दंश से बच्ची की मौत

जानसठ, १६ सितंबर (बु.)। गांव खलवाड़ा में सर्प दंश से एक बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। गांव निवासी विनय की पुत्री बोबी घर के आंगन में सोई हुई थी, तभी उसको एक सांप ने आकर काट लिया। बच्ची के चिल्लाने पर परिजन उसकी ओर दौडे और सांप को भगाया, लेकिन तब तक सांप कई बार काट चुका था। सांप के काटने से बोबी की हालत खराब होने लगी। परिजनों ने उसे चिकित्सकों को दिखाया, लेकिन उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया।

## विवाहिता से किया रेप का प्रयास

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर ( बु. )। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कूड़ा डालने गई महिला को एक युवक ने दबोच कर रेप का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर कुछ लोगों के आ जाने पर आरोपी मौके से भाग निकला। इस संबंध में पीड़िता ने शहर कोतवाली पर आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। रोहाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शहर कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह घर के पास ही कूड़ा डालने गई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पड़ोस के ही बोबी पुत्र भीम सिंह ने उसे अकेला पाकर बुरी नियत से दबोच लिया और उसके साथ रेप का प्रयास किया। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।




राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में आए अतिथियों को परशुराम जी का फरसा भेंट करते स्थानीय सपा पदाधिकारी वहीं जोशीले अंदाज में अपने विचार रखते ब्राह्मण नेता राकेश शर्मा व राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता अभिषेक मिश्रा तथा सम्मेलन में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग। फोटो बुलेटिन

# पश्चिम में राजनीतिक भागीदारी को आवाज उठाना जरूरी: राकेश शर्मा

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर ( बु. )। जीआईसी मैदान में संपन्न हुए ब्राह्मण महासम्मेलन में एक बार फिर सपा नेता राकेश शर्मा सहारनपुर मंडल के ब्राह्मणों को एक मंच पर एकत्र करने में पूरी तरह सफल रहे। हालांकि समाज को ईवीएम तक लेकर जाने में वें कहां तक सफल होंगे, यह तो अभी भविष्य के गर्भ में ही है, लेकिन जीआईसी मैदान में इस बीच रविवार को आयोजित हुए ब्राह्मण महाकुंभ में राकेश शर्मा अपने विरोधियों को एक चुनौती देने में सफल हुए, जिसकी आज हर ओर चर्चा है।

ब्राह्मण महासम्मेलन के बूते रविवार को जीआईसी मैदान में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए राकेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश में राजनीतिक तौर पर ब्राह्मण समाज को हमेशा से छला गया है। ऐसे हालातों के बीच हिस्सेदारी की बात तो तमाम राजनीतिक दलों के लोग करते हैं, लेकिन वोट बैंक के तौर पर समाज को प्रयोग कर छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर मण्डल की 16 सीटों में ब्राह्मण समाज बहुतायत में है और राजनीतिक दृष्टिकोण से जीत-हार में बड़ी भूमिका निभाने की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि जब भी समाज को विधानसभा और लोकसभा में पहुंचाने की आवाज उठाई गई, तभी समाज को धोखा ही मिला। सहारनपुर मंडल की इन 16 सीटों पर इन ब्राह्मण समाज की 3.50

### ❑ब्राह्मण जातिवादी नहीं, पर अपमान नहीं होगा बर्दाश्त

लाख वोट हैं और इसमें समाज की उपजातियों की हिस्सेदारी को शामिल किया जाए तो यह 16 लाख से अधिक होती है। उन्होंने कहा कि इतनी संख्या अन्य किसी जाति की नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से मैं जातिवादी की बात नहीं कर रहा, लेकिन समाज की पीड़ा को रखने का प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण कभी जातिवादी व्यवस्था का पक्षधर नहीं रहा है, यदि जातिवादी होता तो रावण का पुतला दहन नहीं करता और श्रीराम की पूजा नहीं करता। हम आज राजनीतिक स्तर पर अपनी हिस्सेदारी के अनुरूप सम्मान चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज की सरकार में हर वर्ग दुखी व परेशान है। ब्राह्मण समाज से एकजुटता का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आज समाज को पश्चिमी यूपी में प्रमुख राजनीतिक भागीदारी को आवाज उठानी ही होगी। उन्होंने कहा कि जो लोग यहां समाज को संख्या बल के आधार पर कमजोर बताते हैं, वह यहां उमड़े जनसैलाब को देख अंदाजा लगा सकता है।

## कृषि बिलों में सरकार आने पर करेंगे मूलभूत सुधार: मिश्रा

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर ( बु. )। जीआईसी मैदान में संपन्न ब्राह्मण महाकुंभ में बतौर अतिथि पधारे पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा ने रविवार को मुजफ्फरनगर की धरती को चूमने के साथ पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि आज करीब 30 वर्षो के लंबे अंतराल के बाद राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में आने का सौभाग्य मिला। उन्होंने पुरानी यादों को साझा करते हुए मैदान में लगे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को प्रणाम और भगवान परशुराम को नमन करते हुए कहा कि मैदान में लंबे समय तक क्रिकेट खेलते हुए बचपन को बिताया है, जो आज उन्हें बचपन की यादें ताजा कर गया। पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज वास्तव में सनातन धर्म की रीढ़ है, जिसने सदैव जाति-धर्म से ऊपर उठकर सदैव मानव कल्याण के लिए कार्य किया है। उन्होंने वर्तमान सरकारों पर किसानों की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि प्रदेश में सपा की सरकार बनी तो तीनों कृषि कानूनों को बदलकर एक सरल और सर्व सुलभ कानून बनाया जाएगा, जिसमें किसानों की पूर्ण भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि बीते 10 माह से दिल्ली बार्डर पर सर्दी, गर्मी और बरसात में अपनी मांगों को लेकर धरनारत किसानों की उपेक्षा आने वाले दिनों में भारी साबित होगी। पूर्व मंत्री ने सरकार आने पर बिजली दरों को कम किए जाने के साथ ही किसानों को मुफ्त बिजली दिए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने आगामी चुनाव में भाजपा को चोट देने की खातिर गांव में आने पर पुरानी परंपराओं के बीच खाट खड़ी किए जाने और अपने घरों में भाजपा प्रत्याशियों के लिए कोई विरोध किए जाने के बजाए सिर्फ घरों में रखी कुर्सियों को उल्टी कर देने का आह्वान किया, ताकि ऐसे लोगों को सही मायने में अपने स्तर की जानकारी हो सके। उन्होंने कोरोना महामारी के बीच मौतों के आंकड़ों में हुए खेल से पर्दा उठाते हुए सरकार की करनी और कथनी में फर्क को भी समाज के लोगों के बीच साझा किया।

## नगर में वाहनों के दबाव में विफल हो गया पुलिस-प्रशासन

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर ( बु. )। रविवार को सपा नेता राकेश शर्मा के आह्वान पर नगर के जीआईसी मैदान में संपन्न ब्रह्म कुंभ में अपेक्षा से अधिक भीड़ देखने को मिली। इस बीच पीले झंडों के साथ राष्ट्रीय ध्वज के साथ विभिन्न क्षेत्रों से रैली स्थल की ओर बढ़ते वाहनों पर सवार समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। हालांकि नगर क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन ने वाहनों को व्यवस्थित किए जाने को तमाम दावे किए थे, लेकिन नगर में पहुंचे वाहनों के रैले के आगे व्यवस्था दम तोड़ गई। रैली में पहुंचे कुछ बुजुर्गो ने दावा किया कि जिले में आज तक इससे बड़ा ब्राह्मण सम्मेलन नहीं हुआ। जीआईसी मैदान में रविवार को सहारननुपर मंडल के गांव-देहात एवं कस्बों से बस, ट्रैक्टर-ट्राली व अन्य निजी वाहनों द्वारा रैली स्थल पर पहुंचे। बड़ी संख्या में नगर के विभिन्न प्रवेश द्वारों से होते वाहन सड़कों पर उतरने के चलते जिला अस्पताल के साथ नावल्टी चौक, शिवचौक, महावीर चौक, सरकूलर रोड, जानसठ, मोरना एवं जोली रोड के साथ ही रेलवे रोड साईधाम आदि विभिन्न स्थानों पर वाहनों की लम्बी कतार लगी रही। रैली में बढ़ती भीड व व्यवस्थाओं के दृष्टिगत हालांकि सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह, सीओ सिटी कुलदीप कुमार, इंस्पैक्टर सिविल लाइन उम्मेद सिंह मय फोर्स के व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे, लेकिन इस सबके बाद भी ब्राह्मण सम्मेलन में लोगों की बढ़ती संख्या के बीच व्यवस्था कमजोर साबित हुई।




हाथों में राकेश शर्मा के पोस्टर लिए समर्थन में उतरे ब्राह्मण समाज के लोग।

## मामूली बात पर की दो दम्पत्तियों की पिटाई

बुढ़ाना, १६ सितंबर (बु.)। मामूली बात पर दो दम्पत्तियों की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। बुढ़ाना पुलिस ने उक्त मामले की जांच शुरू कर दी है। एक पक्ष के चार लोगों को चोट लगने की सूचना मिली है। मिली जानकारी के अनुसार नजराना पत्नी इनाम और नगमा पत्नी इकराम निवासीगण ग्राम बड़ौदा बुढ़ाना ने रविवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए बताया कि हम दोनों बहनें एक ही घर मे हैं। मौहल्ले की मोमीना हमारे घर आती जाती है। उन्होंने मोमीना को अपने घर आने से रोका, तो इसी बात पर शाहजहां पत्नी इसराइल ने मोमीना को उल्टी सीधी बातें करके हमारे खिलाफ भड़का दिया। इसी को लेकर नूर हसन पुत्र नसीबूदीन व मेहरदीन पुत्र बात्ती, निवासीगण ग्राम इंचौली, जनपद मेरठ आज रविवार के दिन लगभग ३ दर्जन महिला पुरुषों को लेकर आया और हम पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में उनके पति इकराम, जो कि टीबी के बीमार है और इनाम को मारपीट कर अधमरा कर दिया। हमारे शोर मचाने पर कुछ मौहल्ले वालों ने हमारी जान बचायी, नहीं तो ये लोग हमको जान से मार देते। शाहजहां हमारे मकान पर क्या करना चाहती है। हमारे ससुर व सास की मृत्यु को चुकी है। परिवार छोटा है। आरोपी बदमाश किस्म के व्यक्ति हैं तथा पुलिस में जाने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। दोनों बहनों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उधर दूसरी ओर तहरीर के आधार पर बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी राहुल कुमार ने उक्त मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने दोनों पीड़ितों को सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष के सामने अपना दुखड़ा रोते युवा मोर्चा के पदाधिकारी । फोटो बुलेटिन

# नाबालिग के साथ गैंगरेप का वीडियो वायरल

भोपा, 19 सितम्बर ( बु. )। युवकों द्वारा नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर जंगल में गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया। घटना की अश्लील वीडियो बना कर आरोपियों ने उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो को देखकर किशोरी के परिजनों में रोष व्याप्त हो गया है। पीड़िता की माँ द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को चार दिन पूर्व गांव के ही दो युवक शुभम ने अमरूद खिलाने के बहाने से बाग में बुलाया, किशोरी वहां पहुंची तो शुभम व वहां मौजूद उसका दूसरे साथी आशीष ने उसके साथ जबरदस्ती गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया व शुभम ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली तथा उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। परिजनों तक यह अश्लील वीडियो पहुंची तो उन्होंने किशोरी से इस बाबत पूछा, तो किशोरी ने अपने साथ हुई घटना की आप बीती अपने परिजनों को सुनाई, जिस पर परिजनों में थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। युवती को मेडिकल प्रशिक्षण के लिए भेज दिया गया है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तार कर जेल भेज दिये जाएंगे।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से 11 वर्षीय बालिका की मौत

मोरना, १६ सितम्बर (बु.)। रविवार की देर शाम सीकरी गाँव में विद्युत करन्ट की चपेट में आकर बालिका की मौत हो गयी। बालिका की मौत से परिवार में मातम छा गया है भोपा थाना क्षेत्र के गाँव सीकरी में असलम कुरैशी मेहनत मजदूरी कर परिवार की आजीविका चलाता है। रविवार की शाम असलम की बड़ी बेटी आरिफा ११ वर्ष मकान की छत पर जाने के लिये जीने की पेड़ी पर चढ़ रही थी। जैसे ही उसने जीने के बराबर में लगी लोहे की रैलिंग को पकड़ा, तो वह रैलिंग से चिपककर रह गयी। रैलिंग में दौड़ रहे विद्युत करन्ट की चपेट में आकर आरिफा गम्भीर रूप से झुलस गयी। आनन –फानन में आरिफा को गाँव में स्थित निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरिफा अपनी ननिहाल गयी हुई थी तथा मात्र २० मिनट पहले ही वापस घर लौटी थी। आरिफा की मौत से परिवार में मातम छा गया है। आरिफा के पिता असलम व माता आबिदा का रो–रोकर बुरा हाल है। असलम के चार पुत्र हैं, आरिफा अकेली पुत्री थी।

# सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं का हंगामा

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बु.)। भाजपा युवा मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित होने के बाद से ही पार्टी में फजीहत रुकने का नाम नहीं ले रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा जारी सूची में जब अजय सागर को उपाध्यक्ष नामित किया गया तो सूची देखकर भाजपा कार्यकर्ता बिफर पड़े और एकाएक सैंकड़ों की संख्या में इकट्ठा होकर गांधी नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर ही पहुंच गए, जहां जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला के सामने अपनी पीड़ा रखते हुए एकाएक उपाध्यक्ष बने अजय सागर के आंसू टपक पड़े। अजय सागर का कहना था कि उन्हें महामंत्री बनाने का आश्वासन देने के बाद अब उन्हें उपाध्यक्ष का पद क्यों दिया गया है। वे पिछले १२ वर्षों से लगातार पार्टी की सेवा कर रहे हैं, जबकि युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष अभी दो साल पहले ही पार्टी में आया है और जिलाध्यक्ष को इतना बड़ा पद देने के बावजूद भी उन्होंने कोई नाराजगी प्रकट नहीं की, लेकिन उपाध्यक्ष बनाकर उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इसी बात से खफा होकर वह अपने साथ १०० से भी अधिक कार्यकर्ताओं को लेकर आया है और सभी कार्यकर्ता सामूहिक इस्तीफा भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला को सौंपते दिखाई दिये। लम्बी फजीहत होने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने पार्टी व संगठन को दो दिन की मोहलत देने की बात कहकर कार्यकर्ताओं को टालने का प्रयास किया, मगर उसके बावजूद भी कार्यकर्ता लगभग ३ घंटे तक भाजपा कार्यालय पर डटे रहे और बिना समाधान हुए वे वहां से जाने को तैयार नहीं हुए। बामुश्किल भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं को समझा–बुझाकर फिलहाल मामला शान्त किया गया, मगर कार्यकर्ताओं के जोश से ऐसा लग रहा था कि कार्यकर्ता बिना उक्त पद को बदलवाए हुए नहीं मानेंगे। पार्टी फिर चाहे उन्हें जैसी चाहे मीठी गोली दे ले। जाते–जाते अजय सागर के समर्थक यही कहते हुए भाजपा कार्यालय से वापस लौटे कि यदि पार्टी ने उन्हें इन्साफ न दिया तो लगभग १०० से भी अधिक कार्यकर्ता सामूहिक इस्तीफा पार्टी जिलाध्यक्ष को सौंप देंगे।



कार्यकर्ता की पीड़ा

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब में माथा टेका और अरदास की

रूद्रपुर /नैनीताल, 19 सितम्बर ( वार्ता ) उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद में रविवार को प्रदेश के नवनियुक्त राज्यपाल ले. जनरल ( सेवानिवृत्त ) गुरमीत सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब में एक साथ मत्था टेका और अरदास की। श्री सिंह और श्री धामी ने गुरूद्वारा परिसर में झाड़ू भी लगाई और उसके बाद लंगर का स्वाद लिया। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को सरोपा भेंट किया गया। इस दौरान महामहिम ने कहा कि मुझे आज बहुत प्रसन्नता हो रही है कि आज गुरू के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। साथ ही आप लोगों का जो स्नेह व आर्शीवाद मिला है उससे मै अभिभूत हूँ। उन्होंने आगे कहा कि आप लोगों के स्नेह से मुझे उत्तराखण्ड की सेवा करने का बल मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, मैं एक सैनिक के रूप में उसका निर्वहन पूरी निष्ठा से करूंगा। मुझे जो सम्मान मिला है, वह सिक्ख समुदाय के हर व्यक्ति का सम्मान है। उन्होंने यह भी कहा कि गुरूनानक देव जी ने हमको सरलता, नम्रता, करूणा, सेवा आदि का जो सबक सिखाया है, वह बहुत ही हमारा सच्चा मार्गदर्शक है।






## अवैध असलाह के साथ एक को किया गिरफ्तार

भोपा, 19 सितम्बर ( बु. )। पुलिस ने अवैध असलाह के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी से अवैध देसी बंदूक बरामद कर उसे जेल भेज दिया है। भोपा प्रभारी सुभाष अत्री ने बताया कि थाना क्षेत्र के गाँव ककराला में रविवार की सुबह उपनिरीक्षक सुधीर कुमार राजौरा गश्त कर रहे थे कि एक संदिग्ध व्यक्ति को रोक लिया, जिसके पास से एक देसी बन्दूक 12 बोर, दो ज़िन्दा कारतूस बरामद हुए। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम रविन्द्र उर्फ बबलू निवासी ककराला बताया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## मंदवाड़ा का फैसल रहस्यमय ढंग से गायब, बुढ़ाना कोतवाली में दी गुमशुदगी की तहरीर

बुढ़ाना, १६ सितंबर (बु.)। गांव मंदवाड़ा का १७ वर्षीय किशोर फैसल रहस्यमय परिस्थितियों में अचानक गायब हो गया। फैसल के परिवार के लोगों ने ग्राम प्रधान के साथ मिलकर बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देकर फैसल की गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने फैसल के बंद मोबाइल की पहले की लोकेशन को ट्रेस करना शुरू करते हुए फैसल की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बीती शनिवार की सुबह लगभग ६ बजे बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मंदवाड़ा का १७ वर्षीय फैसल गांव में हुई समीना नाम की लड़की की मौत के बाद गांव के लोगों के साथ समीना को गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक करने गया हुआ था, तब सभी अपने अपने घरों में आ गए थे, लेकिन फैसल घर पर नहीं पहुंचा। पहले तो परिजनों ने सोचा कि फैसल गांव में ही होगा, लेकिन जब वह देर रात तक भी घर नहीं आया, तो परिजनों ने उसको फोन किया, तो उसका फोन स्विच ऑफ मिला। तब परिजन चिंतित हो गए। तब उन्होंने फैसल को संभावित स्थानों पर तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। तब परिजन आज रविवार के दिन गांव प्रधान फैज मौहम्मद के साथ बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे, जहां पर उन्होंने पुलिस को फैसल की गुमशुदगी की तहरीर देकर पुलिस से फैसल को सकुशल बरामद करने की मांग की। जिस पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने परेशान परिजनों को आश्वस्त किया कि वे उसके मोबाइल नंबर की लोकेशन निकलवाकर फैसल को शीघ्र ही बरामद कर लेंगे। उधर दूसरी ओर फैसल के रहस्यमय परिस्थितियों में अचानक से गायब होने पर परिजन किसी अनहोनी की आशंका से भी इंकार नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने फैसल की तलाश शुरू कर दी है।

### शेष : वोट की ताकत ...

ताकत हासिल किए, तरक्की के मार्ग पर आगे नहीं बढ़ पायेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एड. एवं संचालन राकेश शर्मा व मनमोहन शर्मा रिटायर्ड फौजी द्वारा किया गया। शंख ध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच शुकतीर्थ धाम के पंडितों और विद्यार्थियों ने स्वस्तिवाचन किया। इस दौरान मुख्य रूप से अमलेश शर्मा पूर्व पटवारी, राज किशोर शर्मा, दीनदयाल शर्मा, उमादत्त शर्मा, अलका शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, रमेश चन्द्र शर्मा, मा. सुरेन्द्र शर्मा, गोपीचंद शर्मा, सुभाष गौतम, अशोक शर्मा, अमरनाथ शर्मा, जगमोहन शर्मा, हरीश गौतम, अजेश शर्मा, दीपक शर्मा, विभोर भारद्वाज, रामकुमार, चन्द्रशेखर, सुबोध शर्मा, प्रमोद शर्मा, सोमदत्त शर्मा, रामानन्द, जय शर्मा, सुशील शर्मा, सहेन्द्र शास्त्री, श्रवण शर्मा, डॉ. सोहनवीर, डॉ. जितेन्द्र शर्मा, डॉ. अशोक शर्मा, रामकिशोर शर्मा, सतीश शर्मा, पं. सतीश शास्त्री, राकेश शर्मा, बिजेन्द्र शर्मा, राज दीप शर्मा, मा. विजयपाल, शर्मा, सलेक चन्द, मांगेराम, कन्हैया शर्मा, सभासद पूनम शर्मा, बिटटू प्रधान, बोबी त्यागी, उमेश शर्मा, उमेश कौशिक, योगेश शर्मा, देवेश कौशिक, सुभाष शर्मा, देवी दयाल शर्मा, विपिन शर्मा, अक्षय शर्मा, मूलचन्द शर्मा, राजीव पंडित, सुधाकर भारद्वाज आचार्य, गोपाल मिश्रा, अवध राज आचार्य, कृष्णानन्द मिश्रा, ध्यानचंद कुश, प्रमोद शर्मा, अवधेश शर्मा, दीपक शर्मा, विष्णु पंडित, गोपाल कृष्ण तिवारी, रोहताश शर्मा, अमित शर्मा, अनिमेश, अमित तिवारी, शौकी शर्मा, अवधेश, रामानुज दुबे, दुर्गेश कौशिक, कृष्ण गोपाल शर्मा, विपिन त्यागी, दीपक, जोनी, कार्तिक, ब्रजेश त्यागी, ऋषि त्यागी, सोनू, वासु भारद्वाज, अमित, अभिषेक शर्मा, अंकित सेठी व कुलदीप त्यागी आदि करीब हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के युवा, बुजुर्ग एवं महिलाएं मौजूद रही।

## ई रिक्शा पलटने से कई घायल

मुजफ्फरनगर, 19 सितम्बर ( बु. )। अंसारी रोड परीक्षा पलटने से रिक्शा में सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक गंभीर घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने जानकारी देते बताया कि आज दोपहर अंसारी रोड पर एक ई-रिक्शा पलट गई, जिससे रिक्शा में सवार बिहारगढ़ निवासी 32 वर्षीय मीनाक्षी पत्नी विनोद सहित कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां मीनाक्षी को भर्ती कर लिया गया, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## ऋषभदेव शर्मा के जिला मंत्री बनाए जाने पर जिला पंचायत सदस्य श्रीभगवान शर्मा को बधाईयों का तांता

मुजफ्फरनगर, १६ सितम्बर (बु.)। हाल ही में जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीते श्री भगवान शर्मा के पुत्र ऋषभ शर्मा को शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिलामंत्री बनाए जाने के बाद उनके निवास कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की भीड़ एकत्रित हो गयी। कार्यकर्ताओं का कहना था कि अपने पिता की तरह ही ऋषभ देव ने भी पार्टी में अपना स्थान बनाकर समाज को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर बात करते हुए ऋषभ देव शर्मा ने कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के विभिन्न कार्यों में तन, मन, धन से हमेशा खड़े दिखाई देंगे। उनका कहना था कि जिस प्रकार उनके पिता श्रीभगवान शर्मा ने पार्टी के प्रति अपनी पूरी वफादारी का परिचय दिया है, ठीक उसी तरह वह अपने पिता के आदर्शों पर चलते हुए पार्टी हाईकमान का आदेश हमेशा सिर माथे रखेंगे। उन्होंने अपने सहयोगियों एवं कार्यकर्ताओं से वर्ष २०२२ के चुनाव में ब्राह्मण समाज के योगदान की अपील की और कहा कि पूरा ब्राह्मण समाज एकजुट होकर सदर विधानसभा से जो भी प्रत्याशी



खड़ा होगा, चाहे वह किसी भी समाज का क्यों न हो, उसके लिए बढ़–चढ़कर कार्य करेंगे। श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सांसद संजीव बालियान, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला का जिलामंत्री बनाए जाने पर आभार प्रकट किया।

## पशु गाड़ी के सामने आने से गाड़ी डिवाइडर से टकराई, एक घायल

भोपा, 19 सितम्बर ( बु. )। गाड़ी के सामने अचानक आवारा पशु आ जाने के कारण कार गंगनहर पटरी पर बने डिवाइडर से जा टकराई, जिसमें बैठा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों व पुलिस की मदद से घायल को पहुंचाया गया। हालत गंभीर के चलते किया गया जिला अस्पताल रैफर। भोपा थाना क्षेत्र की गंगनहर पटरी पर थाना मंसूरपुर के गांव दूधाहेड़ी के युवक किसी काम से शुकतीर्थ जा रहे थे कि तिस्सा राजवाहे के आसपास गंगनहर पटरी पर अचानक उनकी गाड़ी के सामने आवारा पशु आ गया, जिसे बचाने के चक्कर में उनकी गाड़ी नहर पटरी पर बने डिवाइडर से टकरा गई, जिसके चलते उसमें बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं गाड़ी टकराने पर राहगीरों व पुलिस की मदद से घायल को भोपा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर के चलते युवक को जिला अस्पताल के लिए भेज दिया है, वहीं मौजूद राहगीरों ने बताया कि गाड़ी में बैठे सभी युवकों द्वारा अधिक मात्रा में शराब का सेवन किया हुआ था।


